# चरण 1:

# NYC भवन निर्माण पुनः शुरुआत

NYC Buildings

## यह जानें:

## आपका प्रोजक्ट पुनः शुरू करने के चरण

## यह जानें: आपके प्रोजेक्ट की पुनः शुरुआत करने के चरण

न्यूयॉर्क सिटी अब राज्य के रिओपनिंग प्लान के चरण 1 में है, जिसका अर्थ है कि सभी भवन निर्माण साइटें पुनः शुरू हो सकती हैं और काम शुरू कर सकती हैं। आपको अब भी यह सुनिश्चित करना होगा कि आपकी साइट सभी भवन निर्माण और इलेक्ट्रिकल संहिताओं के मानकों को पूरा करती हो और साथ ही न्यूयॉर्क सिटी डिपार्टमेन्ट ऑफ बिल्डिंग्स (DOB) के नियमों और विनियमों का भी पालन करती हो।

काम शुरू करने से **पहले**, आपको कम से कम निम्नलिखित चीज़ें करनी **होंगी**:

- ☐ राज्य की **इंटरिम गाइडन्स फॉर कन्स्ट्रक्शन एक्टिविटीज़ ड्यूरिंग द कोविड-19 पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी** (कोविड-19 सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति के दौरान भवन-निर्माण गतिविधियों के लिए अंतरिम मार्गदर्शिका) को पढ़ें, समझें और उसके अनुसार कार्य करें।
- ☐ अपनी प्रत्येक कार्य साइट के लिए विशेष सुरक्षा योजना **तैयार करें**। जनरल कॉन्ट्राक्टर सभी सबकॉन्ट्राक्टरों और उनके कर्मचारियों को शामिल करने वाली एक योजना विकसित कर सकता है, या फिर प्रत्येक कॉन्ट्राक्टर अपनी खुद की योजना विकसित कर सकता है।
- ☐ अपनी कार्य साइट पर अपनी सुरक्षा योजना के सभी पहलू **कार्यान्वित करें**।
- ☐ अपनी कार्य साइट पर भवन निर्माण साइट से बाहर निकलने के सभी बिंदुओं पर अच्छी तरह से दृश्यमान स्थान पर सुरक्षा योजना **पोस्ट करें**।
- ☐ राज्य को **स्वीकृति दें** कि आपने राज्य की मार्गदर्शिका के अनुसार अपनी साइट का प्रचालन करने के अपने दायित्व को पढ़ा और समझा है।
- ☐ इस स्वीकृति को **प्रिंट करें** और उसे साइट पर रखें।

**इन निरीक्षणों के दौरान, DOB निरीक्षक इन चीज़ों को खोजेंगे:**

- ☐ साइट विशेष के लिए बनी **सुरक्षा योजना** उपलब्ध है और आसानी से दिखाई देने वाले स्थान पर पोस्ट की गई है। इस योजना में राज्य को दी गई **स्वीकृति** की एक प्रति शामिल किया जाना अनिवार्य है।
- ☐ **सोशल डिस्टेन्सिंग** प्रोटोकॉल का अनुपालन।
- ☐ सभी साइट कर्मियों और आगंतुकों को अपने कार्य के लिए उपयुक्त **चेहरा ढकने वाले स्वीकार्य साधन पहनना अनिवार्य है**। चेहरा ढकने वाले उपयुक्त साधनों के बारे में अधिक मार्गदर्शन के लिए, स्टेट डिपार्टमेन्ट ऑफ हेल्थ (स्वास्थ्य विभाग) मार्गदर्शिका और निजी रक्षात्मक उपकरणों के बारे में OSHA मार्गदर्शिकाएं देखें।
- ☐ आसानी से उपलब्ध **हाथों की सफाई के स्टेशन**, जिनमें निम्नलिखित चीज़ों में से किसी का भी उपयोग होता हो:
  - साबुन, लगातार गरम पानी और उपयोग के बाद फेकने लायक पेपर टॉवेल; ***या***
  - जहाँ पर हाथ धोने वाले स्टेशन व्यवहार्य न हों, वहाँ अल्कोहॉल युक्त हैंड सेनिटाइज़र।
- ☐ **कोविड-19 का संकेत सूचक बोर्ड**, जो सभी को दिखाई दे और जिस पर कर्मचारियों के लिए हाथों की सही सफाई, फिज़िकल डिस्टेन्सिंग के नियमों, उपयुक्त रक्षात्मक उपकरणों के उपयोग और सफाई और रोगाणुनाशन प्रोटोकॉल याद दिलाता हो।
- ☐ सही तरह से भरे हुए और **अद्यतन किए हुए सफाई और रोगाणुनाशन लॉग**।
- ☐ अत्यंत सीमित स्थानों (जैसे एलिवेटर, हॉइस्ट) में लोगों की अनुमत संख्या के अधिकतम 50% व्यक्ति एक साथ होने चाहिए।
  - कैब में और हर मंज़िल पर 50% क्षमता में कितने लोग हैं इसके बारे में जानकारी पोस्ट की जानी चाहिए
- ☐ साइट पर मौजूद कर्मचारियों, आगंतुकों, और क्लायंट्स के लिए **एक संचार योजना**।
- ☐ साइट पर मौजूद अन्य लोगों के साथ करीबी संपर्क में आने वाले **हर व्यक्ति के लॉग** भरे हुए और अद्यतन किए हुए हों, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि संपर्कों को प्रभावी ढंग से ट्रेस किया जाए।

DOB निरीक्षक अपनी शुरुआती मुलाकात को अनुमत निर्माण साइटों पर केन्द्रित करेंगे, जहाँ पर यह सुनिश्चित करने के लिए भवन-निर्माण पेशेवरों को जानकारी दी जाएगी कि मार्गदर्शिका का पालन हो रहा है। अनुमत साइटों को फॉलो-अप निरीक्षणों की अपेक्षा करनी चाहिए, जिनमें सुनिश्चित किया जाएगा कि अनुपालन आवश्यकताओं या अन्य न्यूयॉर्क स्टेट या न्यूयॉर्क शहर के आदेशों का अनुपालन किया जा रहा है, और इनके दौरान वायोलेशन और संबंधित जुर्माने जारी किए जाने तक का प्रवर्तन शामिल होगा।

अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया यहाँ जाएं nyc.gov/buildings। अपनी सबसे नज़दीकी कोविड-19 परीक्षण साइट खोजने के लिए **311** पर कॉल करें या nyc.gov/covidtest पर जाएं।

NYC Buildings